आज दिनांक 16 अप्रैल, 2019 दिन मंगलवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में कला संकाय के अन्तर्गत बी.ए. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा बी.ए. तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी के मार्गदर्शन और कुशल नेतृत्व में इस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। अंग्रेज़ी विभागाध्यक्षा श्रीमती कमल टंडन, हिन्दी विभागाध्यक्षा श्रीमती किरण आनन्द एवं डॉ. गीता गुप्ता द्वारा प्राचार्य जी का भव्य स्वागत पौधा देकर किया। इस सुनहरे अवसर पर प्राचार्य जी ने छात्राओं को स्वर्णिम भविष्य प्राप्ति का आशीर्वाद देते हुए त्याग और सामंजस्य को जीवन का मूल मंत्र बताया तथा साथ ही सामाजिकता की ओर प्रोत्साहित करते हुए कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ दिलाई। बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने अपनी अग्रजा बहनों की विदाई समारोह को मनोरंजन बनाने के लिए रंगारंग कार्यक्रम जैसे हरियाणवी, पंजाबी गाने, नृत्य तथा कुछ गेम्स को शामिल किया, जिसमें सभी ने बढ़–चढ़कर अपना मनोरंजन प्रदर्शित किया। डॉ. सारिका कांजलिया के सहयोग से विदाई समारोह में कैटवॉक,छात्रा–परिचय तथा कुछ सामान्य प्रश्नों द्वारा कला संकाय से गीतिका राठी **Miss Farewell,** तान्या **Miss 1st runnerup,** सपना **Miss 2nd runnerup,** रोज़ी **Miss Dress Up**, शीतल **Miss Helpful** चुना गया। जज की भूमिका डॉ. मनोज शुक्ला, डॉ. रेखा सैन और डॉ. डिम्पल ने निभाई। कार्यक्रम के सफल समापन मे सभी प्रवक्ता गणों का सहयोग रहा।